हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 15 मई 2026

तापमान
अधिकतम 43 .0 डिग्री
न्यूनतम 25 .0 डिग्री

13 सही समय पर लिया गया निवेश का निर्णय ही भविष्य की असली पूंजी: प्रो. अदिति



14 बीस वार्डों में ढेर हुए भाजपा के शेर, कई वार्डों में दूसरे नंबर पर भी नहीं रहे






## खबर संक्षेप

### पुलिस के हत्थे चढ़ा छेड़छाड़ का आरोपी

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने महिला से छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने एक गांव निवासी युवक मनीष के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। 1 अप्रैल को दर्ज किए गए मामले के बाद आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी मनीष को गिरफ्तार कर लिया। घटना के समय इस्तेमाल की गई उसकी बाइक और मोबाइल फोन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिए।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है। सिटी थाना पुलिस ने गत 12 फरवरी को हुए हादसे के बाद केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। ऑटो चालक हादसे के बाद मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। जांच के बाद पुलिस ने अर्जुन निवासी ऑटो चालक ईशु को गिरफ्तार कर लिया। ऑटो को पुलिस ने पहले ही कब्जे में ले लिया था। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**कुंड।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को परेशान करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ 2 मई को दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के वजीराबाद निवासी हिम्मत कुमार को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### चोरी के मामले में एक आरोपी चढ़ा हत्थे

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने पशु चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई पशु चोरी की वारदात के बाद पीड़ित की शिकायत के आधार पर गत 29 मार्च को चोरी का केस दर्ज किया था। पुलिस ने चोरी के मामले की जांच करते हुए यूपी के दरबारपुर निवासी वकील उर्फ खान को गिरफ्तार किया है। चोरी किए हुए बरामद करने के लिए आरोपी से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### बस स्टैंड पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग

**डहीना।** दुकानदारों ने लोक निर्माण विभाग रेलवे स्टेशन वाले बस स्टैंड पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है। सुक्रमपाल, विजय कुमार, प्रेम कुमार, राजीव व अनिल आदि दुकानदारों ने बताया कि कंवाली की ओर से वाहन तेज गति से रेवाड़ी-कनीना मार्ग पर आते हैं। इससे बस स्टैंड पर अक्सर हादसे होते रहते हैं। कई बार दुपहिया वाहन चालक भी बड़े वाहनों की चपेट में आ चुके हैं। डंपर बस स्टैंड से तेज गति से निकलते हैं। उन्होंने विभाग से बस स्टैंड पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है।

**एचबीएसई दसवीं का परीक्षा परिणाम:** *इस बार 8299 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 7769 विद्यार्थी पास हुए, 93.61 प्रतिशत रहा रिजल्ट*

# शिखर से चौथे पायदान पर खिसका रेवाड़ी, जिला टॉपर सूची में 6 लड़कियां और 5 लड़के शामिल

टैगोर हाई स्कूल गुड़ियानी के छात्र शैलेश ने 500 में से 495 अंक प्राप्त किए



रेवाड़ी। राजकीय विद्यालय सीहा में दसवीं के उत्कृष्ट रिजल्ट की खुशी मनाते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि



रेवाड़ी। राजकीय विद्यालय कंवावी में शिक्षकों के साथ खुशी मनाते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड बारहवीं में छठे स्थान पर आने के बाद वीरवार को घोषित किए गए दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में 93.61 प्रतिशत के साथ रेवाड़ी जिला स्टेट में चौथे स्थान पर आया है। गत वर्ष 2025 के दसवीं के परीक्षा परिणाम में रेवाड़ी पास प्रतिशत 96.85 के साथ प्रदेश भर में टॉप पर आया था। इस वर्ष जिले का पास प्रतिशत भी 3.24 प्रतिशत गिर गया है। इससे पहले 2024 में 97.60 प्रतिशत के साथ रेवाड़ी ने प्रदेश में दूसरे स्थान हासिल किया था। वही वर्ष 2023 में भी जिला 78.68 प्रतिशत के साथ प्रदेश में पहले पायदान पर था। इस बार चरखी दादरी 96.01 प्रतिशत के साथ पहले, जींद 94.68 प्रतिशत के साथ दूसरे व जिला महेन्द्रगढ़ 93.96 प्रतिशत के साथ प्रदेश में तीसरे स्थान पर है, जबकि नूंह जिला इस बार भी प्रदेश में 68.98 प्रतिशत पास प्रतिशत के साथ सबसे नीचे है। इस बार जिले से दसवी की टॉप सूची में किसी भी विद्यार्थी को स्थान नहीं मिला है। गत वर्ष गांव हांसाका स्थित श्री कृष्ण सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्रा खुशी ने प्रदेश की मेधा सूची में तीसरा स्थान हासिल किया था। इस बार बोर्ड ने स्टेट टॉपर के साथ जिला टॉपर्स की सूची भी जारी की है, जिसमें रेवाड़ी के 11 विद्यार्थियों ने जिले की टॉप सूची में स्थान बनाया है।

### बोर्ड ने जारी किए जिला टॉपर

हरियाणा बोर्ड ने स्टेट टॉपर के साथ जिला टॉपर विद्यार्थियों की सूची जारी की है। एचबीएसई दसवीं में रेवाड़ी से 11 विद्यार्थियों ने टॉप किया है। टैगोर हाई स्कूल गुड़ियानी के छात्र शैलेश ने 500 में से 495, संत कबीर पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल अलावलपुर धारूहेड़ा की छात्रा बेबी आयशा ने 495, नोबलदेव पब्लिक स्कूल नंदरामपुर की छात्रा पायल ने 495, भारती विद्या मंदिर किशनगढ़ के छात्र रूद्र ने 494, एसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल करावरा मानकपुर की छात्रा भूमिका ने 494, मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्रा महक ने 494, शिवा पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्रा विधिका यादव ने 494, एसएस पब्लिक स्कूल जैतपुर के छात्र साहिल ने 494, एसकेजी सीनियर सैकेंडरी स्कूल भाकली के छात्र अंशु ने 493, जीवन ज्योति सीनियर सैकेंडरी स्कूल मंढौला की छात्रा मधु वर्मा ने 493 और आदर्श सीनियर सैकेंडरी स्कूल के छात्र लोकेश यादव ने 493 अंक प्राप्त किए। इन विद्यार्थियों में छह छात्राएं व पांच छात्र शामिल है।

### गत वर्ष से तीन पायदान नीचे रेवाड़ी

हरियाणा बोर्ड दसवीं की परीक्षा में रेवाड़ी जिला इस वर्ष चौथे पायदान पर लुढ़क गया है। वर्ष 2025 वर्ष जिला प्रदेश में टॉप पर पहुंच गया था। वर्ष 2024 में 97.60 प्रतिशत के साथ दूसरे व वर्ष 2023 में पास प्रतिशत 78.68 के साथ रेवाड़ी पहले स्थान पर आया था। 2022 में जिले का पास प्रतिशत 82.95 प्रतिशत के साथ स्टेट में चौथा स्थान रहा था। जिले से गत वर्ष 8179 विद्यार्थियों ने दसवीं की परीक्षा दी थी, जिसमें 7921 विद्यार्थी पास हुए थे। इस बार जिले में 8299 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 7769 विद्यार्थी पास हुए, जबकि 420 की कंपार्टमेंट आई है और 110 विद्यार्थी री-अपीयर रहे है।



छात्र अंशु



जिला टॉपर मधु



जिला टॉपर लोकेश



जिला टॉपर छात्र शैलेश



जिला टॉपर छात्रा बेबी आयशा



जिला टॉपर छात्रा पायल



जिला टॉपर छात्र रूद्र



जिला टॉपर छात्रा भूमिका



जिला टॉपर छात्रा महक



जिला टॉपर छात्रा विधिका



जिला टॉपर छात्र साहिल

# ग्रामीण अंचल की बेटी ने बिना किसी कोचिंग के राज्य में लहराया परचम: दिलबाग सिंह

- बेटी भविष्य में आईएएस या आईपीएस की परीक्षा पास करके गांव का नाम रोशन करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में दीपिका का सम्मान करते ग्रामीण।

गांव जाट सायरवास में वीरवार को ग्रामीणों की ओर से हरियाणा बोर्ड बारहवीं परीक्षा में स्टेट टॉपर दीपिका के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। गांव में गाजे-बाजे के साथ बेटी का रोड-शो निकाला गया। उसके बाद चौपाल में पूरे गांव की ओर से दीपिका को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन डा. वेदकला ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आईजीयू के कुलसचिव डा. दिलबाग सिंह व डीईओ विजेन्द्र हुड्डा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर डा. दिलबाग ने कहा कि यह इलाके के लिए गर्व की बात है कि ग्रामीण अंचल की बेटी ने सुविधाओं का अभाव होते हुए बिना किसी कोचिंग के राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कामना करते हुए कहा कि बेटी भविष्य में आईएएस या आईपीएस की परीक्षा पास करके गांव का नाम रोशन करेगी। रामनिवास बेनीवाल ने बताया कि दीपिका शुरू से ही बहुत होनहार रही है।

#### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर गांव के सरपंच आजाद सिंह, पूर्व सरपंच करण सिंह, पूर्व सरपंच महा सिंह, हरि, दयानंद नंबरदार, सुरेंद्र नंबरदार, सुभाष, मदन, दयाराम, मनीष, कप्तान, श्रीभगवान, घीलावास के पूर्व सरपंच रामपाल, आजाद, गुल्लू, विजयपाल, राजिंदर, विक्रम, अशोक, राजेंद्र, राजेश, हिम्मत, नफे, प्रकाश इंस्पेक्टर व निरंजन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# चक्कर खाकर सड़क पर गिरते ही युवक ने तोड़ा दम



**रेवाड़ी।** नाईवाली चौक पर वीरवार दोपहर एक युवक अचानक चक्कर आने के बाद सड़क पर गिर गया। लोगों ने उसे उठाकर उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। राजस्थान के झुनझुनु जिले के गांव रायपुर पचेहरी निवासी रमेश किसी काम से रेवाड़ी आया था। वह वाहन से नाईवाली चौक पर उतरकर चलने लगा, तो उसे अचानक चक्कर आ गए। वह सड़क पर गिर गया। उसके गिरते ही आसपास के लोग उठाने के लिए पहुंच गए, लेकिन तब तक वह अचेत हो चुका था। लोगों ने उसे उठाकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी मौसम हार्ट अटैक या अधिक गर्मी के कारण हुई है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल पाएगा।

**दिन भर लू के थपेड़ों ने प्रभावित किया जनजीवन, शाम को बौछारें गिरने से बदला मौसम का मिजाज**

# गर्मी के तेवर फिर हुए तल्ख, दिन का पारा पहुंचा 43 डिग्री पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गर्मी के तेवर एक बार फिर से तल्ख हो गए। दिप का तापमान 43 डिग्री पर पहुंचते ही दिन भर लू का प्रकोप बना रहा, जिससे दोपहर के समय लोग घरों से बाहर निकलने से बचते रहे। शाम के समय बादल छाने के बाद कुछ इलाकों में बौछारें गिरीं, जिससे मौसम सुहाना हो गया। शुक्रवार को भी मौसम में बदलाव की संभावना जताई जा रही है।

मौसम का मिजाज बार-बार बदल रहा है। एक के बाद एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से कभी आंधी के साथ बूंदाबादी होती है, तो कभी मौसम साफ हो जाता है। वीरवार को सुबह से ही आंशिक बादल छाए रहे। दोपहर तक आसमान साफ हो गया। तेज धूप के कारण गर्म होकर हवाओं ने लू का रूप धारण कर लिया। अधिकतम तापमान दो सप्ताह बाद 2.0 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 43.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इससे पूर्व 27 अप्रैल को दिन का तापमान इस स्तर पर रहा था। रात का तापमान एक बार फिर 1.4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 25.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे रात के समय भी गर्मी का असर बढ़ना शुरू हो गया। हवा में नमी का स्तर 25 प्रतिशत तक रहा, जबकि हवाओं की रफ्तार 13 किलोमीटर प्रति घंटा तक रही। गत वर्ष की तुलना में सामान्य से अधिक तापमान बना हुआ है। वीरवार को दोपहर के समय हीट वेव का असर शुरू हो गया। इसके बाद सड़कों से लेकर बाजार तक इसका असर देखा गया। बाजार में दोपहर के समय भीड़ पूरी तरह गायब रही।



रेवाड़ी। धूप व गर्मी में सूना पड़ा रोड व गुजरती युवतियां। फोटो: हरिभूमि

### आज तापमान में गिरावट के आसार

मौसम विभाग के अनुसार विक्षोभ की सक्रियता के कारण वीरवार रात से लेकर शुक्रवार तक मौसम में परिवर्तन देखने को मिल सकता है। इस दौरान तेज हवाओं या आंधी के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। कुछ इलाकों में हल्की बरसात भी हो सकती है। इसके बाद शुक्रवार को दिन के तापमान में कमी आ सकती है। मई का दूसरा पखवाड़ा शुरू होने के बाद मौसम शुष्क बना रह सकता है। मई के दूसरे पखवाड़े में तापमान 45 डिग्री के पार पहुंच सकता है, जिससे लोगों को भारी गर्मी और लू के प्रकोप का सामना करना पड़ सकता है।

### कुतुबपुर में श्रीमद् भागवत कथा 17 से



**रेवाड़ी।** श्री पुरुषोत्तम मास के पावन उपलक्ष्य में कुतुबपुर स्थित बुद्धौमाता चौक पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। पंडित सुमन भारद्वाज ने बताया कि कथा व्यास परमानन्द महाराज वृंदावन धाम वाले 17 मई से 23 मई तक रोजाना शाम 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा का वायन करेंगे। 17 मई को कथा के शुभारंभ पर सुबह 9:15 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा के समापन पर 24 मई को हवन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।



# समर वैकेशन को ऐसे बनाओ ज्वॉयफुल-मेमोरेबल

बच्चो, तुम्हारे स्कूल में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई होंगी या शुरू होने वाली होंगी। इन लंबी छुट्टियों में कई बार तुम बोर फील करते होगे। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। हम तुम्हें समर वैकेशन के दौरान बोरियत दूर करने के कई मजेदार आइडियाज दे रहे हैं। इससे तुम्हारी समर वैकेशन ज्वॉयफुल ही नहीं मेमोरेबल भी हो जाएगी।



एंज्वॉयमेंट

शिखर चंद जैन

बच्चो, गर्मी की छुट्टियों यानी समर वैकेशन का नाम सुनते ही तुम्हारा मन खुश हो जाता है न! लेकिन इन दिनों तेज धूप की वजह से घर में कैद होने पर बोरियत भी होने लगती है। हम तुम्हें कुछ ऐसे तरीके बता रहे हैं, जिनसे तुम्हारी इस बार की समर वैकेशन न केवल मजेदार, बल्कि यादगार भी बन जाएगी।

## बनाओ मिनी वाटर पार्क

**टेरेस या** छत पर एक रबर टब को पानी से भरकर उसमें छपाक-छपाक खेलो। ठंडे पानी को एक-दूसरे पर फेंकने में मजा आएगा। यह गर्मी भगाने का मजेदार तरीका है। इस खेल में तुम्हारे भाई-बहन या आस-पड़ोस के दोस्त भी शामिल हो सकते हैं। पैरेंट्स की मदद से किसी प्लंबर को बुलाकर, रबर टब और वाटर पाइप लगाने की व्यवस्था करनी होगी। लेकिन ध्यान रखना कि खुली धूप में यह वाटर गेम नहीं खेलना, इससे तबियत बिगड़ सकती है। *



## डेवलप करो गार्डनिंग हॉबी

**इन छुट्टियों** में घर के छोटे से बगीचे या बालकनी के गमलों में नए पौधे लगाओ। पौधों को पानी देना और उनकी देखभाल करना बहुत सुकून देता है। छोटे गमलों में पुदीना, धनिया या फूलों के बीज लगाओ। उन्हें रोज पानी दो और बढ़ता हुआ देखो। यह नेचर के लिए तो अच्छा है ही। ये हॉबी तुम्हें जिम्मेदारी सिखाएगी और नेचर के करीब लाएगी। *

## एंज्वॉय करो बुक्स रीडिंग



**दिन के** समय जब तेज धूप हो तो घर से बाहर खेलने नहीं जा सकते। तब अपने गार्डन में या स्टडी रूम में अच्छी कहानियां, जासूसी बाल उपन्यास या ज्ञानवर्धक किताबें पढ़ो सकते हो। ग्रुप रीडिंग करोगे तो और मजा आएगा। यह बोरियत मिटाने और ज्ञान बढ़ाने का बेहतरीन तरीका है। इससे तुम्हारी इमेजिनेशन पॉवर भी बढ़ेगी। *

## दोपहर में इनडोर कैंपिंग का मजा

**बाहर धूप** में खेलने नहीं जा सकते तो क्या हुआ? अपने कमरे में चादर और कुशन का इस्तेमाल करके एक टेंट या कैंप जैसा शेप बनाओ। पंखे या एसी के नीचे इस टेंट के अंदर अपने भाई-बहन या घर आए दोस्तों के साथ बैठकर किताबें पढ़ो, कहानियां सुनो-सुनाओ या बोर्ड गेम्स खेलो। यह तुम्हें घर के अंदर ही कैंपिंग का अनुभव देगा। *

## पक्षियों का रखो ध्यान



**गर्मी तो** सभी को लगती है। गर्मी के इस मौसम में बेजुबान पक्षियों को तुम थोड़ी राहत दे सकते हो। अपनी बालकनी, खिड़की या छत पर मिट्टी के बर्तनों में पानी और अनाज के दाने रखो। जब तुम उन्हें पानी पीते, दाना चुगते और चहचहाते देखोगे तो तुम्हें बहुत खुशी मिलेगी। *



## बनो स्मार्ट लिटिल शेफ

**इन छुट्टियों** में तुम कुछ मजेदार, आसानी से बनने वाली अपनी कोई फेवरेट डिश बनाना सीख सकते हो। कोशिश करो कि डिश को पकाना न पड़े यानी 'नो-फ्लेम कुकिंग' वाली डिश ट्राई करो। इससे तुमको कुकिंग में गर्मी नहीं लगेगी। फ्रूट चाट, सैंडविच या ठंडी लस्सी बनाना आसानी से सीख सकते हो। इसके अलावा तुम कुल्फी, नीबू-पानी, स्मूदी या चॉकलेट-बिस्किट शेक भी बना सकते हो। अपने बनाए स्वादिष्ट डिशेज खुद भी टेस्ट करो, साथ ही अपने पैरेंट्स, भाई-बहन और फ्रेंड्स को खिलाकर तारीफ पाओ। *



डॉली चिड़िया ने एक दिन सोसाइटी की सभी चिड़ियों की मीटिंग बुलाई। इस मीटिंग में सोना चिड़िया ने जो बात रखी, वह सभी चिड़ियों के मान-सम्मान से जुड़ी थी। यह बात कितनी सही थी, इसमें सभी चिड़ियों ने कितनी सहमति प्रकट की? बच्चों को जरूर जानना-समझना चाहिए।

# मान-सम्मान



एआई इमेज



कहानी

विमला रस्तोगी

एक दिन डॉली चिड़िया ने सोसाइटी की सभी चिड़ियों की एक मीटिंग बुलाई। वह सोसाइटी की चिड़ियों की मंत्री है। सोसाइटी के पार्क के एक पेड़ पर मीटिंग रखी गई। समय रखा गया एकदम सुबह का, सूर्य उगते ही, क्योंकि इस समय पूरी सोसाइटी में शांति रहती है। नियत समय सब चिड़ियां आ गईं- सोना, मोना, बिंदु चिड़ियों ने सबको एक डाल पर बिठाया, जो रह गईं, वे पेड़ की आस-पास की डालों पर बैठ गईं। मोना चिड़िया बोली, 'देखो कितनी सुंदर लग रही हैं सभी चिड़ियां एक साथ बैठी हुईं।' बिंदु चिड़िया बोली, 'इस तरह एकसाथ बैठे हुए हमारी एकता दिखाई देती है। एकता में बहुत ताकत होती है।'

मंत्री डॉली चिड़िया ने बताया, 'मीटिंग सभी को यह बताने के लिए बुलाई गई है कि तुम सब अपने घोंसलों को साफ-सुथरा रखो। घोंसलों में साफ-सफाई करते रहना बहुत जरूरी है। यह बात हमें अपने बच्चों को भी समझानी चाहिए।'

'जी, हमने अपने घोंसले साफ कर रखे हैं, साथ ही मजबूत बनाए हैं ताकि जरा सी तेज हवा में उड़ ना जाएं।' सबने एक स्वर में कहा।

'बहुत अच्छी बात है।' डॉली चिड़िया बोली।

'मुझे एक बात कहनी है।' सोना चिड़िया आहिस्ता से बोली।

'कहो-कहो..।' डॉली चिड़िया ने कहा।

सोना चिड़िया बोली, 'हमें उसी घर की छत पर दाना खाने जाना चाहिए, जो हमें मन से, प्यार से दाना डाले, साफ पानी पिलाए...।'

'मतलब..?' छोटी चुन्नी चिड़िया ने पूछा।

सोना ने अपनी पूरी बात समझाई, 'मतलब यह कि कुछ समय पहले एक मकान की छत पर उसका मालिक आता, दाना हाथ में लेकर, मन ही मन कुछ बोलता। मैं सामने पेड़ पर बैठी होती, लगता जैसे हमें बुला रहा है। वह साफ बर्तन में हमारे पीने के लिए पानी रखता। बहुत प्यार से दाना जमीन पर फैलाता, फिर चला जाता। फिर मैं उसकी छत पर अपनी सहेलियों और बच्चों के साथ जाती। दाना चुगती, पानी पीती और अपने घोंसले में आ जाती थी।' 'अच्छा!' मंत्री डॉली चिड़िया गौर से सोना की बात सुन रही थी।

सोना चिड़िया ने आगे बताया, 'कुछ समय बाद मालिक की जगह उसका बेटा आने लगा। वह बुरा-सा मुंह बनाकर जल्दी से दाना फेंकता, पानी का बर्तन गंदा रखता, धोता नहीं। सो हमने वहां जाना छोड़ दिया। मेरे कहने का मतलब यह है, जिस घर में हमारे लिए प्यार, आदर और साफ-सफाई से दाना रखा जाए, बुलाया जाए, हमें वहीं जाना चाहिए। आखिर हम चिड़ियों का भी तो मान-सम्मान है।' 'बड़ी पते की बात कही सोना चिड़िया तुमने।' मंत्री डॉली ने सोना की बात पर सहमति जताई। मीटिंग समाप्त होने की घोषणा करते हुए मंत्री चिड़िया बोली, 'आज की मीटिंग यहीं समाप्त होती है। नोट कर लो डायरी में, मान-सम्मान केवल इंसान का नहीं, हम पक्षियों का भी है।'


सभी चिड़ियों ने सिर हिलाकर सहमति प्रकट की और अपने घोंसलों की ओर उड़ गईं। *

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## मधुमक्खी

चूस-चूस रस फूल-फूल से,
शहद बनाती है मधुमक्खी।
अपनी मस्ती में उड़ जाती,
भुन-भुन गाती है मधुमक्खी।
मीठा-मीठा शहद संजोकर,
छत्ता भरती है मधुमक्खी।
मेहनत का फल मीठा होता,
मेहनत करती है मधुमक्खी।

छेड़छाड़ जो कभी न करता,
उसे न कुछ कहती मधुमक्खी।
लेकिन कहीं चोट पहुंची तब,
कभी न चुप रहती मधुमक्खी।
साथ सभी के काम करें हम,
हमको सिखलाती मधुमक्खी।
शक्ति एकता में होती है,
सबको दिखलाती मधुमक्खी।



## बूझो तो जानें



1
ऊपर से दिखता यह हरा है,
अंदर से होता लाल-लाल।
काले-काले बीज भी इसके,
खाते हैं सब बाल-गोपाल।



2
विटामिन इसमें भरपूर,
फाइबर भी है प्रचुर।
शिमला और कश्मीर का,
चेहरे पर बरसे नूर।

3
तोता कुतरता चाव से,
दिखता पीला और हरा,
बड़नगर का प्रसिद्ध फल,
बूझो इसका नाम जरा।

-नलिन खोईवाल

उत्तर: 1. तरबूज, 2. सेब, 3. अमरूद



## जीके क्विज-205



1. पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री कौन बने हैं?
2. हाल ही में किस ऐतिहासिक मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव मनाया गया?
3. हाल में हिमंता बिस्व सरमा किस राज्य के मुख्यमंत्री निर्वाचित हुए?
4. हाल में तैयार हुआ गंगा एक्सप्रेस वे किस राज्य में स्थित है?
5. दिल्ली के लाल किले का निर्माण किसने करवाया था?
6. तमिलनाडु के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
7. साधारण नमक में क्लोराइड के अलावा दूसरा कौन-सा तत्व होता है?
8. कनाडा की राजधानी कहां है?
9. कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
10. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?

बच्चो, जीके क्विज-205 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-204 का उत्तर :** 1 विराट कोहली, 2. राजनाथ सिंह, 3. चांदी, 4. रुडयार्ड किपलिंग, 5. 24 अक्टूबर 1945, 6. महात्मा गांधी, 7. कंबोडिया, 8. सी. राजगोपालाचारी, 9. कोलकाता, 10. कैल्शियम

**जीके क्विज-204 का सही उत्तर देने वाले :** पूरब-बिलासपुर, जिया शिया-रायगढ़, हिमांक-दुर्ग, कबीर-हिसार, रोहित-महेंद्रगढ़, आर्यन- दिल्ली, कनिष्क-रायपुर, हर्षिता-कांकेर, सुमन-बलौदा बाजार, दिव्यम-महासमुंद, संचित-भोपाल



कहानी

शिव दयाल

मैना किशमिश खाए, वह भी दादी की कटोरी से चुपके से निकालकर, है ना मजेदार और चौंकने वाली बात! लेकिन मैना यह कारस्तानी करती, मजे से दादी की किशकिश गप्प कर जाती। दादी को जब यह बात पता चली तो उन्होंने जो किया, मैना के मजे हो गए!

# मैना खाती किशमिश



एआई इमेज

चमचम मैना थी थोड़ी चटोरी। हमेशा कुछ नया खाने का उसका जी करता था। बागानों-मैदानों से लेकर कूड़ेदानों तक को छान मारती। अपनी चोंच और पंजों से कुरेद-कुरेदकर कुछ नया जायका ढूंढती फिरती चमचम। कुछ मनपसंद मिलते ही 'चेंओं-चेंओं' करती अपनी सहेलियों को दिखा-दिखाकर, चिढ़ा-चिढ़ाकर, ललचा-ललचाकर निवाले निगलने लगती। और फिर लेती दम से ज्यादा लंबी डकार। सहेलियां कहतीं, 'यह देखो, आज फिर इसकी दावत हो गई!'

चमचम इठलाकर फुर्र-से उड़ जाती।

एक दिन बिजली के तार पर बैठी सुस्ता रही थी चमचम। सामने के मकान की खिड़की थी खुली। चमचम ने सोचा, 'ये जूठन फेंकने वाले लोग आखिर खाते क्या होंगे? चलो देखते हैं आज।'

चमचम मैना चुपके से जा बैठी खिड़की पर। कुर्सी पर बैठी थीं दादी। बिना दांत वाले पोपले मुंह में न जाने क्या चबा रही थीं दादी। आड़ी-तिरछी रेखाओं वाला उनका पूरा चेहरा हिल रहा था जैसे। चबाने में मगन दादी रह-रहकर आंखें बंद कर लेतीं। सामने मेज पर रखी थी कटोरी। कटोरी में थी किशमिश। दादी ने दो-चार दाने उठाए और अपने पोपले मुंह में रख लिया। उसकी लंबी ठुड्डी जोर-जोर से लगी हिलने। यह देखकर चमचम को हंसी आ गई। तभी चमचम को कटोरी नजर आई। किशमिश से भरी कटोरी। चटोरी चमचम के मुंह में पानी भर आया, 'ओह, दादी की यह खुराक होगी मजेदार! चलो चखते हैं।' एक बार उसने देखा दादी को। वह थीं किशमिश चबाने में मगन, रह-रहकर पलकें झपका लेतीं। चमचम से और न रहा गया। पंजों के बल चलकर आखिर कटोरी में चोंच मार ही दी चटोरी ने। दो-चार दाने गटक लिए और दो-चार चोंच में दबाए और झटपट उड़ गई।

चमचम ने पहली बार इतनी मीठी चीज खाई थी, 'वाह! ऐसा अनोखा स्वाद! इसे चबाओ तो, ओह, सचमुच आंखें बंद हो जाती हैं।'

चमचम ने एक और उड़ान भरी और दादी की कटोरी से चोंच भर किशमिश फिर ले आई। आवाज देकर सखियों को भी बुला लिया। कहा, 'तुम्हें एक ऐसी चीज खिलाती हूं कि तुम जीवन भर याद रखोगी।' सखियों ने किशमिश के दाने चखे तो चमचम का लोहा मान लिया। उन्होंने उससे पूछा, 'री चटोरी, तूने यह खजाना पाया कहां से?'

चमचम ने सखियों को दादी की कटोरी वाली बात बताई। सखियों को डर हुआ, 'तो क्या तू अच्छी चीजें खाने के लिए लोगों के घरों में घुसेगी?'

चमचम चटोरी आसमान की ओर चोंच उठाकर बोली, 'ऐसी चीजों के लिए तो थोड़ा-बहुत खतरा मोल लेना ही पड़ता है बहनों।'

इधर दादी की कटोरी से किशमिश घटती चली जा रही थी। उन्हें बड़ा अचरज हुआ, सोचा, 'क्या इस उम्र में मैं इतनी पेटू हो गई हूं?' फिर उन्होंने कटोरी पर नजर रखनी शुरू कर दी। चटोरी चमचम को तो किशमिश की लत पड़ चुकी थी। बिना किशमिश चखे दिन खाली-खाली लगता। एक दिन चोंच भर-भर कर किशमिश गटकते दादी ने उसे देखा तो हैरान रह गईं, 'तो यह है जो रोज मेरी कटोरी की किशमिश चट कर जाती है! ठहर, अभी चखाती हूं मजा!'

दादी चमचम को हुलका कर उड़ाने को हुईं कि सहसा उन्हें हंसी आ गई। चमचम आराम से बैठी ऐसे खा रही थी, जैसे अपने ही घर में हो। दादी अपनी लंबी ठुड्डी पर पतली तर्जनी रखे मुस्कुराती उसे किशमिश चुगते देखती रहीं। मन ही मन दादी बोलीं, 'यह तो सचमुच बड़ी चटोरी मालूम पड़ती है, लेकिन कैसी प्यारी दिखती है! चलो, मैं जो अकेली बैठी किशमिश चबाती रहती हूं, उससे तो अच्छा है, यह भी मेरा साथ देती रहे। एक से दो भले।'

चटोरी चमचम जब अगली बार दादी की खिड़की में घुसी तो ऐन खिड़की पर एक कटोरी देखी और देखे किशमिश के चार दाने! *

तुम्हारे लिए नई किताब / शिव मोहन यादव

## शांतिदूत गुटर-गूं की कहानी

बच्चो, तुम्हारे लिए एक नई किताब आई है 'शांतिदूत गुटर गूं।' वैसे तो यह एक पिक्चर बुक है, लेकिन तुम इसे एक नन्हा बाल उपन्यास भी कह सकते हो। डॉ. विमला भंडारी द्वारा लिखे गए इस बाल उपन्यास में तुम एक सफेद कबूतर की जुबानी उसकी कहानी जानोगे। यह किताब कबूतरों की कई जानी-अनजानी बातें सामने लाती है, इस पक्षी के बारे में जानकारी देती है। इसकी कहानी दो बच्चों अनु और बसु की बातचीत से शुरू होती है। वे एक कबूतर को याद करते हैं। कैसे वह 'गुम्म गूं गुटर गूं' करता था, कैसे गर्दन और आंखों की पुतलियां मटकाता था और कैसे आकर उनके कंधों पर बैठ जाता था! कहानी आगे बढ़ती है, एक श्वेत कबूतर उनका दोस्त बन जाता है। वह कबूतरों की विशेषताएं अनु और बसु को खुद बताता है। वह जानकारी देता है- एक देश की राजधानी का सुल्तान अपनी डाक सेवाएं कबूतरों से ही संपन्न कराता था, तो एक देश में डाकिए का समस्त कार्य कबूतर ही करते थे। कबूतरों के बारे में ऐसी कितनी ही जानकारी इस किताब में तुम्हें मिल जाएगी। 'शांतिदूत' के रूप में कबूतर की गाथा द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात आरंभ होती है। लाखों लोगों ने शांति के लिए सार्वजनिक संगठन गठित किए। प्रसिद्ध चित्रकार पाब्लो पिकासो द्वारा बनाए गए जैतून की शाखा लिए श्वेत कबूतर के चित्र को शांति का प्रतीक माना गया। कबूतर एक ऐसा पक्षी है, जिसके माध्यम से शांति संदेश भेजकर कई युद्धों को रोका गया। किताब की लेखिका अपने बाल पाठकों से आग्रहपूर्वक कहती हैं, 'अब तुम्हारा दायित्व है कि युद्ध नहीं, प्रेम चाहिए! यदि संभव हो तो जैतून की शाखा ले आना और युद्ध के स्थान पर शांति का प्रसार करना!' रंगीन चित्रों से सजी, सरल-आत्मीय भाषा एवं रोचक-प्रवाहमय शैली में लिखी गई यह पुस्तक बच्चो तुम्हें खूब पसंद आएगी। *





**किताब:** शांतिदूत गुटर गूं (पिक्चर बुक),
**लेखिका:** डॉ. विमला भंडारी, **मूल्य:** 175 रुपए,
**प्रकाशक:** इंडिया नेटबुक्स प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा



## अंतर बताओ

बच्चो, यहां टेडी बियर से खेलती हुई एक लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1.टेडी बियर की नाक का कलर अलग है। 2. पीछे दीवार पर फ्रेम की हुई एक पेंटिंग लगी है। 3.खिड़की का फ्रेम अलग डिजाइन का है। 4.लड़की की टॉप का कफ डिजाइन कलर का है। 5.लड़की के जूते के आउटसोल का कलर अलग है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, चित्र में दिख रहे चीकू खरगोश के सामने तीन रास्ते हैं, जो उसे किताब, फुटबॉल और गाजर तक ले जाएंगे। लेकिन चीकू को भूख लगी है। इसलिए गाजर तक पहुंचने का रास्ता बताकर उसकी भूख मिटाने में मदद करो।



## 14वें दिन भी नहीं झुके नप कर्मचारी, सरकार पर वादाखिलाफी का लगाया आरोप

# तपती धूप में थाली बजाकर सरकार पर जमकर गरजे पालिका कर्मचारी, शहर में किया विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर चल रही काम छोड़ हड़ताल बुधवार को 14वें दिन और अधिक उग्र रूप में दिखाई दी। नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई नारनौल के बैनर तले जिलेभर की पालिकाओं के कर्मचारी एकजुट होकर सड़कों पर उतर आए। तपती धूप के बीच कर्मचारियों ने थालियां बजाकर और जोरदार नारेबाजी करते हुए नगर परिषद से महावीर चौक होते हुए लघु सचिवालय तक विशाल प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान शहर की सड़कों पर कर्मचारियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गौर करने वाली बात यह रही कि आंदोलनकारी कर्मचारियों ने धरनास्थल पर ही दोपहर का भोजन तैयार किया।

आंदोलन की अध्यक्षता इकाई प्रधान भूपेंद्र सिंह सारवान ने की। इस दौरान महेंद्रगढ़, कनीना, अटेली और नांगल चौधरी सहित जिले की विभिन्न नगर पालिकाओं से सफाई कर्मचारी और फायर ब्रिगेड कर्मचारी बड़ी संख्या में नारनौल पहुंचे। कर्मचारियों ने सरकार पर लगातार कर्मचारी विरोधी नीतियां लागू करने और लंबे समय से लंबित मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

### विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने दिया समर्थन

आंदोलन को सर्व कर्मचारी संघ, सीटू, आशा वर्कर यूनियन, सड़क कर्मचारी संघ, पब्लिक हेल्थ ब्रांच, ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ और फायर कर्मचारी संगठनों ने भी खुला समर्थन दिया। इस दौरान सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सचिव महेंद्र बोयत, जिला प्रधान कौशल कुमार यादव, सीटू जिला प्रधान हरिराम गुर्जर, आशा वर्कर जिला प्रधान सुशील, सीटू सहसंयोजक संतोष देवी, सड़क कर्मचारी संघ ब्लॉक महेंद्रगढ़ प्रधान संजय, पब्लिक हेल्थ ब्रांच प्रधान राजेंद्र, कामरेड सचिव अनिल, ग्रामीण सफाई कर्मचारी प्रधान बसंत कुमार फौजी तथा फायर कर्मचारी संघ महेंद्रगढ़ प्रधान रामसिंह सहित अनेक नेताओं ने कर्मचारियों को संबोधित किया।



नारनौल। थाली बजाकर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

### आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार

सभा के अंत में कर्मचारी नेताओं ने कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र समाधान नहीं किया तो प्रदेशभर में आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अब आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं और अपने अधिकार लेकर ही दम लेंगे।

**इन्होंने लिया भाग:** प्रदर्शन में नगर पालिका इकाई नारनौल के कोषाध्यक्ष मनोज बोयत, पूर्णचंद, मनोज कुमार, सीता देवी, निरंजन लाल, कृष्ण कुमार, सुनील कुमार, दिनेश कुमार, रमेश कुमार, राजेश कुमार, हरिओम, रविकांत, प्रदीप, मनोज, आशीष, आकाश, लीलाराम, अशोक, आशु, लक्खन, नीरज, दीपक, रमन, राजा, नत्थू, मंजू देवी, पूनम देवी, सुनीता, ममता, बबली, मीनू, मोनिका व सोनिया समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### थालियां बजाकर जताया विरोध, शहर में गूंजे नारे

नगर परिषद परिसर से शुरू हुआ प्रदर्शन महावीर चौक, डीसी कोठी मार्ग और मुख्य बाजारों से गुजरता हुआ लघु सचिवालय तक पहुंचा। कर्मचारियों ने हाथों में झंडे और बैनर लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कई कर्मचारियों ने थालियां बजाकर अपना विरोध जताया। तपती गर्मी के बावजूद कर्मचारियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रदर्शन के दौरान 'कर्मचारी एकता जिंदाबाद', 'सरकार होश में आओ' और 'हमारी मांगें पूरी करो' जैसे नारों से पूरा शहर गूंज उठा। प्रदर्शन में महिला कर्मचारियों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। महिला कर्मचारियों ने कहा कि सरकार उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रही है, जबकि वे वर्षों से बेहद कठिन परिस्थितियों में काम कर रही हैं।

### आरोपः सरकार बातचीत के नाम पर समय काट रही

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार नगर पालिका कर्मचारियों की जायज मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि 13 मई को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा भवन में राज्य यूनियन और सरकार के बीच वार्ता हुई थी, लेकिन उसमें कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इससे कर्मचारियों में भारी रोष है। नेताओं ने कहा कि आज रोहतक कर्मचारी भवन में प्रदेशभर के प्रधानों और सचिवों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है, जिसमें आंदोलन को लेकर निर्णायक फैसला लिया जाएगा। यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अब केवल आश्वासनों से काम नहीं चलेगा। जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### सैनी सभा की वार्षिक आम बैठक आज

**नारनौल।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था की वार्षिक आम बैठक 15 मई दोपहर साढ़े तीन बजे सैनी धर्मशाला के सभागार में आयोजित की जाएगी। सभा के महासचिव निहाल सिंह सैनी ने बताया कि बैठक में वर्ष 2025-26 का आय-व्यय एवं लेखा-जोखा सभा के आजीवन सदस्यों, कोलेजियम सदस्यों व समाज के गणमान्य लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### रोहिल्ला टांक क्षत्रिय समाज की बैठक 17 को

**नारनौल।** रोहिल्ला टांक क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तावित महासम्मेलन की तैयारियों को गति देने के उद्देश्य से 17 मई को श्री नामदेव धर्मशाला एवं छात्रावास पुरानी सराय में बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी नामदेव समाज समिति एवं चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक सुभाष चंद्र वर्मा ने दी।

### अटेली मंडी में श्रीमद्भागवत कथा 21 से

**मंडी अटेली।** पुरुषोत्तम अधिक मास के शुभ मौके पर अटेली मंडी के ताजपुरिया धर्मशाला में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन 21 मई से शुरू होकर 28 मई तक चलेगा, जिसमें श्रद्धालुओं को भक्ति और ज्ञान की अमृत वर्षा का लाभ मिलेगा। कथा का शुभारंभ 21 मई को सुबह सवा नौ बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जो श्रीराधाकृष्ण मंदिर से प्रारंभ की जाएगी। आचार्य राधावल्लभ महाराज द्वारा किया जाएगा।

**सीआईए की कामयाबी :** बड़ी वारदात की फिराक में थे बदमाश

# पुलिस मुठभेड़ में संजय कालबा घायल, दो साथियों सहित गिरफ्तार

» पुलिस ने मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस टीम को एक बहुत बड़ी कामयाबी मिली है। टीम ने हत्या सहित अन्य मामलों में वांछित व काफी दिनों से फरार चल रहे आरोपित संजय वासी कालबा को एक पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही उसके दो अन्य साथियों को भी भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस कार्रवाई से क्षेत्र में होने वाली एक बड़ी आपराधिक वारदात को टाल दिया है।

13 मई की रात सीआईए टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि नांगल चौधरी क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या के मामले में फरार आरोपित संजय अपने दो साथियों घनश्याम निवासी गोपालपुरा राजस्थान व आदित्य निवासी अकबरपुर के साथ गाड़ी में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए सीआईए इंचार्ज ने तुरंत दो विशेष टीमों का गठन किया और रेवाड़ी रोड से नांगल चौधरी जाने वाले पुल के नीचे तथा अन्य मुख्य मार्गों पर सख्त नाकाबंदी कर दी गई। रात करीब 11:25 बजे एक तेज रफ्तार गाड़ी नाके की तरफ आती दिखाई दी। जब पुलिस कर्मचारियों ने उसे :कने का इशारा किया] तो चालक ने गाड़ी रोकने के बजाय पुलिस कर्मियों पर चढ़ाने का प्रयास किया और कट मारते हुए शहर की तरफ भाग निकले। पुलिस टीम ने तुरंत सरकारी गाड़ी से उनका पीछा किया। नीरपुर बस स्टैंड के पास भी आरोपितों ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारने की कोशिश की। इसके बाद आरोपित अपनी गाड़ी को भगाते हुए चिंकारा फॉरेस्ट के साथ लगते जंगली इलाके की तरफ ले गए।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो: हरिभूमि

### अवैध हथियार पर कारतूस बरामद

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि तलाशी के दौरान घायल आरोपित संजय के पास से एक पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस सहित मैगजीन बरामद हुई। वहीं पकड़े गए अन्य आरोपितों व उनकी गाड़ी की तलाशी लेने पर एक डोगा व सात कारतूस बरामद किए गए हैं। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने घायल संजय को प्राथमिक उपचार देते हुए इलाज के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया।

### पुलिस पर की फायरिंग

रास्ते की सही जानकारी न होने के कारण जब पुलिस की गाड़ी ने उन्हें ओवरटेक करके रोका, तो तीनों आरोपित गाड़ी से बाहर निकले और पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से सीधी फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने बचाव करते हुए पहले उन्हें चेतावनी दी और अपनी सर्विस पिस्तौल से हवाई फायर किए, लेकिन जब आरोपित फायरिंग करते हुए भागने लगे तो पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की। इस जवाबी फायरिंग में भाग रहे आरोपित संजय के दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। इसी बीच पुलिस टीम के अन्य सदस्यों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए घेराबंदी कर उसके दोनों साथियों घनश्याम व आदित्य को भी मौके पर ही काबू कर लिया।

### संजय पर 13 मामले दर्ज

पुलिस रिकॉर्ड की जांच करने पर सामने आया है कि आरोपित संजय आदतन अपराधी है। उसके आपराधिक इतिहास के अनुसार उस पर पहले से ही हरियाणा व राजस्थान के अलग अलग थानों में कुल 13 संगीन मामले दर्ज हैं। आरोपित पर हत्या के प्रयास, अवैध हथियार रखने, मारपीट, डराने धमकाने और अन्य गंभीर आपराधिक धाराओं के तहत ये मामले दर्ज हैं।

### पुलिस ने जुटाए साक्ष्य

पुलिस ने मौके पर सीन ऑफ क्राइम टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए हैं और सभी आरोपितों के खिलाफ पुलिस पर जानलेवा हमला करने, सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने तथा आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में नया मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की ओर से मामले में आगे की सघन पूछताछ व कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## खबर संक्षेप



नारनौल। सरस्वती स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### सरस्वती बाल मंदिर की छात्रा रिधिमा प्रथम


**नारनौल।** सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुल बाजार कक्षा 10वीं की छात्रा ने फिर परचम लहराया है। विद्यालय की छात्रा रिधिमा पुत्री महेश कुमार ने सर्वाधिक 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस बार भी शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के चेयरमैन मुकेश शर्मा, प्राचार्या क्षमा पाण्डेय व लोकेश शर्मा ने उनकी सफलता पर बधाई दी और भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा छात्रों की इस सफलता के लिए उन्होंने शिक्षको व छात्रों का भी आभार व्यक्त किया। यह विद्यालय की शिक्षा व गुणवत्ता की पुष्टि करता है।



नारनौल। बीकेएन स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### बीकेएन सिहमा का 10वीं का परिणाम शानदार

**नारनौल।** बीकेएन स्कूल सिहमा का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। जिसमें मुस्कान पुत्री नरेश खासपुर व रौनक पुत्री शिव कुमार खासपुर दोनों 489-489 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही। साक्षी पुत्री इंद्रजीत डेरौली अहीर ने 484 अंक लेकर विद्यालय में दूसरा स्थान, भूमि पुत्री पवन कुमार सिहमा ने 480 अंक लेकर विद्यालय में तीसरा, पायल पुत्री सत्यनारायण खासपुर ने 477 अंक लेकर चौथा स्थान प्राप्त किया। कुल 49 विद्यार्थियों में से 31 विद्यार्थियों ने मेधावी सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। बाकी 18 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं।



नारनौल। डीएवी स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### परीक्षा में डीएवी स्कूल ने लहराया परचम

**नारनौल।** सीबीएसई की ओर से कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एमएलएस डीएवी का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। वाणिज्य संकाय के वैभव संघी ने 98.6 प्रतिशत, नॉन मेडिकल के ध्रुव वर्मा ने 94.2 प्रतिशत, कला वर्ग की खनक जैन ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अंग्रेजी विषय में कशिश 100 अंक, अकाउंटेंसी व अर्थशास्त्र में वैभव संघी 100 अंक, भौतिकी ध्रुव वर्मा 96 व मुकुल गोयल 95 अंक, गणित दीपांशु व मुकुल गोयल 97 अंक, जीव विज्ञान साक्षी 92 अंक, बिजनेस वैभव संघी 99 अंक, इतिहास गुरसिमर 99 अंक, राजनीति विज्ञान कशिश व मुस्कान 94 अंक, भूगोल लावण्या शर्मा 98 अंक, हिंदी खुशबू 98 अंक, संगीत विषय में एंजल, खुशी, नेहा, साक्षी, दिया, नीतिका यादव, पूजा, रितिका, योगेश, लक्ष्मी, वंशु व वैभव ने 100 में से 100 अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्राचार्य राजेश कुमार ने विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## सही समय पर लिया गया निवेश का निर्णय ही भविष्य की असली पूंजी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते वक्ता। फोटो: हरिभूमि

- आईजीयू में 'म्यूचुअल फंड जागरूकता और निवेश नियोजन' पर व्याख्यान में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में वाणिज्य विभाग की ओर से 'म्यूचुअल फंड जागरूकता और निवेश नियोजन' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शैक्षणिक संकाय और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को वित्तीय प्रबंधन के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रविंद्र ने कहा कि वाणिज्य विभाग का लक्ष्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि वित्तीय साक्षरता वह कवच है जो भविष्य की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करता है। प्रोफेसर अदिति शर्मा डीन वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय ने कहा कि सही समय पर लिया गया निवेश का निर्णय ही भविष्य की असली पूंजी है। मुख्य वक्ता विपिन शर्मा मुख्य प्रबंधक एचडीएफसी एएमसी ने म्यूचुअल फंड और निवेश के तकनीकी व व्यावहारिक पहलुओं और निवेश नियोजन पर चर्चा करते हुए बताया कि यदि कोई व्यक्ति अपनी जीवनशैली में छोटा सा बदलाव करे और अनावश्यक खर्च को कम करे, तो साल के मात्र 18000 रुपये की बचत की जा सकती है। यदि इस राशि को म्यूचुअल फंड में 12 प्रतिशत की अनुमानित दर से निवेश किया जाए, तो 35 वर्षों में यह राशि 87,02,336 का विशाल फंड बन सकती है। उन्होंने सचेत किया कि केवल पैसा बचाना काफी नहीं है। महंगाई हर साल आपके पैसे की क्रय शक्ति को कम कर रही है।

### ये है मामला

कार्यक्रम का संचालन सीए डा. संदीप कुमार पुरवा ने किया। प्रोफेसर दीपक गुप्ता ने सभी को धन्यवाद किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी अनिल, प्रोफेसर संजय हुड्डा, प्रोफेसर तेज सिंह, डा. ईश्वर शर्मा, डा. ममता अग्रवाल, डा. मीरा भांभा, डा. सुनीता यादव, डा. मंजीत शर्मा, डा. संदीप यादव, डा. अनिता, डा. प्रियंका रंगा और डा. सरला सहित विभिन्न विभागों के शोधार्थी, गैर-शिक्षण कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## आरपीएस की स्वाति 99.6, ईप्शा 99.2, अक्षिता 99 व वनिशा ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



**महेंद्रगढ़।** हाल ही में घोषित को सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के घोषित नतीजों में आरपीएस संस्था की विद्यार्थी स्वाति सिंह ने 99.6 प्रतिशत, ईप्शा डागा ने 99.2 प्रतिशत, अक्षिता धिमान ने 99 प्रतिशत, वनिश जैन ने 98.8 प्रतिशत, तन्नु ने 98.6 प्रतिशत, उमंग यादव ने 98.6 प्रतिशत, विशाल ने 98.4 प्रतिशत, अंकिता ने 98.4 प्रतिशत, भाविका सिंह, मीनाक्षी भाटी, हिमाक्षी व वान्या यादव ने 98.4 प्रतिशत, निकिता यादव ने 98.2 प्रतिशत, वृति ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आरपीएस के 458 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल कर सर्वश्रेष्ठता उदाहरण प्रस्तुत किया। आरपीएस समूह सीईओ इंजि. मनीष राव ने कहा कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आरपीएस संस्था ने सांईस मेडिकल एवं नॉन मेडिकल कॉमर्स व हयूमेनिटिज में अपनी परंपरा व प्रतिष्ठा के अनुसार सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम दिया है। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि आरपीएस संस्था विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए अपनी कड़ी मेहनत के बल पर सदा दृढ़ संकल्पित है।

### प्रवीण चौधरी ने लगाए अपने ही नेताओं पर ब्लैकमेलिंग के आरोप

# लोकल कांग्रेसी नेताओं के सिर फोड़ा हार का ठीकरा, खोला अपनों के खिलाफ मोर्चा

» कार्रवाई के लिए कराया जाएगा शीर्ष नेतृत्व को अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नगर परिषद चेयरमैन पद के चुनाव में पत्नी नेहारिका के 24 हजार से अधिक मतों से हुई हार का ठीकरा कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने अपनी ही पार्टी के स्थानीय नेताओं के सिर फोड़ दिया है। उन्होंने मतदान से एक-दो दिन पहले इन नेताओं की ओर से ब्लैकमेल करने तक के आरोप जड़ते हुए सबूतों के साथ पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को इससे अवगत कराने की बात कही है।

इससे कांग्रेस की आंतरिक राजनीति में खलबली मचने के आसार बन गए हैं। कांग्रेस ने शहरी जिलाध्यक्ष प्रवीण चौधरी की पत्नी नेहारिका चौधरी को चेयरमैन पद की प्रत्याशी बनाया था।



रेवाड़ी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस शहरी अध्यक्ष प्रवीण चौधरी।

भाजपा प्रत्याशी के हाथों नेहारिका चुनाव हार गईं। उन्हें लगभग साढ़े 23 हजार वोट मिले। वीरवार को पत्रकारों से बातचीत में प्रवीण चौधरी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने यह चुनाव धन और शराब के सहारे जीता है। मामूली चुनाव जीतने के लिए भाजपा के पांच-पांच मंत्रियों से लेकर विधायक तक प्रचार मैदान में उतारे गए। वोट खरीदने के लिए करोड़ों रुपये की राशि खर्च की गई। इसके बावजूद भाजपा की उनके वार्ड में पराजय हो गई। कांग्रेसी नेता ने कहा कि पार्टी के सीनियर नेताओं कुमारी सैलजा और दीपेंद्र हुड्डा नेहारिका के लिए चुनाव प्रचार करने के लिए आए। माहौल पूरी तरह कांग्रेस के पक्ष में बना हुआ था, लेकिन कई स्थानीय नेताओं ने पार्टी प्रत्याशी की जीत के लिए गंभीरता से प्रयास नहीं किए।

उन्हें मतदान से ठीक पहले ब्लैकमेल भी किया गया। अब वह शीर्ष नेताओं से इसकी शिकायत करेंगे। अगर शीर्ष नेतृत्व की ओर से ऐसे 'जयचंदों' के खिलाफ एक्शन नहीं लिया गया, तो वह अपने साढ़े 23 हजार मतदाताओं से विचार-विमर्श करने के बाद अगली रणनीति पर विचार करेंगे।

### अपने ही बूथों पर वोट नहीं दिला सके

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भाजपा प्रत्याशी विनीता पीपल के चुनाव को अपना मानते हुए उनकी जीत के लिए पूरी ताकत लगा दी। इसके विपरीत लोकल कांग्रेसी नेताओं ने नेहारिका को जिताने के लिए प्रयास करने की बजाय अंदरखाने उन्हें नुकसान पहुंचाने का कार्य किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपने वार्डों में भी पार्टी प्रत्याशी को सम्मानजनक वोट नहीं दिला सके। उन्होंने कहा कि इन नेताओं का काला चिट्ठा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को सौंपा जाएगा, ताकि उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

### अंजलि ने बारहवीं कक्षा के रिजल्ट में स्कूल में हासिल किया पहला स्थान



छात्रा अंजलि।



छात्रा चाहत।



छात्रा खुशी।

**कोसली।** कोसली के हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन प्राप्त कर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। निदेशक विमल मलिक ने बताया कि छात्रा अंजली ने 95.8 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम, चाहत ने 95.1 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा खुशी ने 92.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय निदेशक विमल एवं डा. रामकरण मलिक ने श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनकी कड़ी मेहनत व शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

### भाजपा का शानदार प्रदर्शन

**नारनौल।** नगर निकाय चुनावों में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात में से छह स्थानों पर जीत दर्ज कर राजनीतिक मजबूती का परिचय दिया है। इस जीत पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भारती सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पार्टी संगठन और भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और भाजपा सरकार की नीतियों की जीत है।

**निविदा/ बोली आमंत्रण सूचना**

सभी योग्य व इच्छुक ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि रा.व.मा.वि. धवाना जिला रेवाड़ी में पुराने जर्जर भवन को तोड़ने के कार्य हेतु दिनांक 21 मई 2026 को प्रातः 10:00 बजे स्कूल प्रांगण में बोली लगाई जानी है। नियम व शर्तें SSA की लागू होनी है जो मौके पर बता दी जायेगी। बोलीदाता को बोली पूर्व 25 प्रतिशत राशि व सफल बोलीदाता को 100 प्रतिशत राशि जमा करानी होगी।

प्रिंसिपल, रा. व. मा. वि. धवाना (2472), खंड - खोल, रेवाड़ी
मो. नं.- 9416248007

## विधायक की सिफारिश पर मिली टिकट नहीं दिला सकी जीत

# बीस वार्डों में ढेर हुए भाजपा के शेर कई वार्डों में दूसरे नंबर पर भी नहीं रहे

भाजपा ने शहर के सभी 32 वार्डों में कमल निशान पर अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे थे

- टिकट से वंचित 'बागी' जीत हासिल करते हुए बने पार्षद


रेवाड़ी। निर्दलीय प्रत्याशियों को भाजपा ज्वाइन कराते राव इन्द्रजीत सिंह। फाइल फोटो। फोटो : हरिभूमि

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद चुनाव के नतीजे इस बात के साफ संकेत दे रहे हैं कि चेयरमैन पद पर भाजपा प्रत्याशी विनीता पीपल की जीत में पार्टी से कहीं अधिक योगदान केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और उनके खास समर्थकों को रहा। अगर माहौल पूरी तरह पार्टी के पक्ष में होता, तो कमल के निशान पर चुनाव मैदान में उतरे 20 प्रत्याशियों को हार का सामना नहीं करना पड़ता। कई वार्डों में तो भाजपा के पुराने धुरंधर दूसरे नंबर पर भी नहीं आ सके। भाजपा ने शहर के सभी 32 वार्डों में कमल निशान पर अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे थे। कांग्रेस ने चुनिंदा वार्डों में ही सिंबल पर चुनाव लड़वाया था। भाजपा सूत्रों के अनुसार पार्टी संगठन की ओर स्थानीय विधायक की अनुशंसा पर पांच से छह टिकट दिए गए थे। इसमें से अधिकांश प्रत्याशी चुनाव मैदान में चारों खाने चित्त हो गए। परिणाम घोषित होने के बाद कुछ भाजपा नेताओं ने चेयरमैन की जीत को पार्टी के ग्राफ से जोड़कर प्रचारित करना शुरू कर दिया। भाजपा का राव इंद्रजीत सिंह विरोधी खेमा चुनाव प्रचार के दौरान पूरी तरह तटस्थ बना रहा। कुछ नेताओं के अंदरखाने पार्टी प्रत्याशी के विरोध की चर्चा भी रही। परिणाम इस बात के संकेत दे रहे हैं कि चेयरमैन पद पर विनीता पीपल की ताजपोशी के पीछे पार्टी सिंबल से ज्यादा योगदान राव इंद्रजीत सिंह की टीम का रहा है। पार्टी के पक्ष में माहौल होता, तो कम से कम 20 वार्डों में पार्षद जीतकर आ सकते थे। भाजपा के हारे हुए प्रत्याशियों में से कई दूसरे नंबर तक पर नहीं रहे। इसके विपरीत भाजपा की टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले कई प्रत्याशी पार्षद बन गए।

### निर्दलीय ने पटका पहनकर बनाया बहुमत

विनीता पीपल के चेयरमैन बनने के साथ शहर के 12 वार्डों में ही भाजपा के प्रत्याशी जीत पाए। इससे शहर की सरकार चलाने में चेयरमैन को बहुमत की समस्या का सामना करना पड़ सकता था। परिणाम के तुरंत बाद वार्ड 5 से पूनम कुमारी, वार्ड 6 से गोपाल सैनी, वार्ड 8 से पूनम सतीजा पत्नी शैलेंद्र सतीजा, वार्ड 10 से पवन बठला, वार्ड 16 से मुकेश वर्मा, वार्ड 26 से इतेंद्र यादव , वार्ड 27 से सुमन खरेरा, वार्ड 28 से रमेश मोरवाल, वार्ड 29 से श्रीभगवान यादव व वार्ड 30 से पूनम ने राव के हाथों पटका पहनकर भाजपा ज्वाइन कर ली। इससे भविष्य में प्रस्ताव पास कराने में बहुमत की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

▶▶| धारूहेड़ा नपा चेयरमैन पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी सम्मानजनक वोट भी हासिल नहीं कर पाई

### भाजपा के कई प्रत्याशी मुकाबले से बाहर

वार्डों में कई भाजपा प्रत्याशी निर्दलीय प्रत्याशियों को सीधी टक्कर तक नहीं दे पाए। पिछले कार्यकाल में राव की ओर से वाइस चेयरमैन बनवाए गए श्यामसुंदर चुघ भाजपा की टिकट पर वार्ड नं. 10 से चुनाव मैदान में उतरे। वह 642 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह वार्ड 5 से चुनाव लड़ने वाली रेखा पांचवें नंबर पर रही। इस वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशी पूनम ने निर्दलीय प्रत्याशी सुमन को हराया। वार्ड नं. 13 से भाजपा प्रत्याशी बबली भी महज 278 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रही। वार्ड वार्ड 15 से भी भाजपा प्रत्याशी रेखा 796 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रही। वार्ड 20 भाजपा के त्रिलोक को भी तीसरा स्थान मिला।

### कांग्रेस में शहरी जिलाध्यक्ष बचा गए लाज

कांग्रेस ने नेहारिका को पार्टी की टिकट पर चेयरमैन पद का चुनाव लड़वाया था। नेहारिका शहरी जिलाध्यक्ष प्रवीण चौधरी की पत्नी है। पार्टी ने खुद प्रवीण चौधरी को कांग्रेस की टिकट पर वार्ड 3 से पार्षद का प्रत्याशी बनाया था। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कहीं भी संगठित नजर नहीं आए, जिस कारण नेहारिका 24 हजार से ज्यादा मतों से चुनाव हार गई। प्रवीण चौधरी ही अकेले प्रत्याशी रहे, जो कांग्रेस की लाज बचाने में कामयाब हो गए। उन्हें छोड़कर पार्टी का कोई भी प्रत्याशी मुकाबले में नहीं रहा। धारूहेड़ा नपा चेयरमैन पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी सम्मानजनक वोट भी हासिल नहीं कर पाई।

## खंड स्तरीय योगा ओलंपियाड में पीयूष, हनी चिराग, अंशिता व काजल बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। विजेता विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में वीरवार को खंड स्तरीय योगा ओलंपियाड का आयोजन किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में खंड के विभिन्न विद्यालयों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस मौके पर अध्यापक मुकेश कुमार ने कहा कि योग प्राणायाम हमारे तन, मन और आत्मा को संतुलित रखने का सर्वोत्तम माध्यम है। हमें नियमित रूप से योग प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। कार्यक्रम प्रभारी शारीरिक शिक्षक राजेश कुमार ने बताया कि अंडर-14 बाल वर्ग में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर से पीयूष प्रथम, पीयूष द्वितीय तथा रोहन तृतीय स्थान पर रहा। अंडर-14 बालिका वर्ग में बीकानेर विद्यालय की हनी प्रथम, पूजा द्वितीय तथा योगिता तृतीय स्थान पर रही। अंडर-17 बाल वर्ग में गवर्नमेंट हाई स्कूल चिल्हर से चिराग प्रथम तथा जितेंद्र द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर की अंशिता प्रथम, गुंजन द्वितीय तथा दिव्या तृतीय स्थान पर रही।

## भाजपा प्रत्याशी और बेटे के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद चुनाव परिणाम आने के बाद निकाले गए विजय जुलूस के दौरान पूर्व पार्षद के मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने भाजपा प्रत्याशी और उसके बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रत्याशी की पत्नी ने भी पूर्व पार्षद पर अश्लील इशारे करने का आरोप लगाया है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में पूर्व पार्षद दलीप माटा ने बताया कि नवनिर्वाचत पार्षद चंदन यादव के विजय जुलूस में वह पीछे चल रहा था। उसने आरोप लगाया कि भाजपा प्रत्याशी सोमदत्त और उसके बेटे ने उस पर हमला कर दिया। सोमदत्त ने उसके सिर पर कांच से हमला कर दिया। रेवाड़ी की नई बस्ती में 13 मई को विजयी जुलूस के दौरान हुए विवाद में पुलिस ने पूर्व पार्षद दलीप माटा की शिकायत पर वार्ड के भाजपा उम्मीदवार सोमदत्त और उनके बेटे दीनू के खिलाफ सिटी थापना पुलिस ने केस दर्ज किया है। पूर्व पार्षद ने शिकायत में कहा कि वह जुलूस के पीछे था। अपने घर के सामने पहुंचने पर सोमदत्त ने उस पर कांच के गिलास से हमला किया और उनकी पत्नी ने पांव से गला दबाने का प्रयास किया। दूसरी ओर प्रत्याशी की पत्नी ने दलीप माटा पर अश्लील इशारे करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने सोमदत्त और उसके बेटे के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है।

## शराब के नशे में सीढ़ियों से गिरकर युवक की मौत

**रेवाड़ी।** सुठानी में किराए के मकान में रह रहे एक युवक की सीढ़ियों से गिरकर मौत हो गई। कसोला पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मूल रूप से यूपी के खेरी निवासी 46 वर्षीय पंकज श्रमिक का कार्य करता था। वह सुठानी में किराए के मकान में रहा था। पुलिस के अनुसार बुधवार की रात वह शराब के नशे में सीढ़ियों से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पड़ोस में रहने वाले लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद कसोला पुलिस ने अस्पताल जाकर शव कब्जे में ले लिया। परिजनों के आने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया।

## कोसली में शनिदेव का जागरण आज

**कोसली।** कोसली स्थित शनिदेव मंदिर में 15 मई को शनिदेव महाराज के जागरण का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति से अमन सेठ व बिट्टू ने बताया कि जागरण में प्रसिद्ध भजन गायिका ज्योति सुर्खीजा एवं भजन गायक राकेश दहिया अपने मधुर भजनों से शनिदेव की महिमा का गुणगान करेंगे।

## यादव सभा का स्वास्थ्य जांच शिविर 17 को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 17 मई को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में नि-शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी।

## व्याख्यान में भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न प्रावधानों पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर



इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में प्रबंधन विभाग की ओर से 'नव भारतीय संहिता और कॉर्पोरेट जगत में उसका महत्व' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डा. कुसुम यादव सहायक प्रोफेसर विधि विभाग से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. रितु बजाज ने मुख्य वक्ता के परिचय के साथ किया। उन्होंने कार्यक्रम के समन्वयक डा. सुशांत यादव का आयोजन के लिए धन्यवाद किया। मुख्य वक्ता डा. कुसुम यादव ने भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कॉर्पोरेट जगत में इसके प्रावधानों की प्रासंगिकता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि नई संहिताएं भारतीय न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी, सरल एवं आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट क्षेत्र में कानून की भूमिका, साइबर अपराध, कॉर्पोरेट धोखाधड़ी, अनुबंध संबंधी विवाद तथा कर्मचारियों के अधिकारों से संबंधित पहलुओं की जानकारी दी।

## 23 को मनाया जाएगा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

वीरवार को बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला यूनिट की बैठक एसोसिएशन के प्रधान संरक्षक राजेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि आगामी 23 मई को एसोसिएशन के स्थापना दिवस पर सुबह 11 बजे एसोसिएशन की स्मारिका-पत्रिका का अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम में सेंट्रल काउंसिल बिजली पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रधान एस के गर्ग शिरकत करेंगे। समारोह में हरियाणा प्रदेश की विभिन्न बिजली पेंशनर्स एसोसिएशनों को आमंत्रित किया गया है। इस मौके पर बिजली पेंशनर्स की प्रमुख मांगों एवं समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर संस्था के मुख्य संरक्षक बुद्धराम पंवार, जनरल सेक्रेटरी प्रभु दयाल, नरेंद्र रोहिल्ला प्रधान, रामकिशन सिंघल, बीडी यादव, राजेन्द्र शर्मा, एलसी चांदना, एम के शर्मा, सुरेंद्र सिंह यादव, धर्म सिंह डाबला, रामकिशन सिंधल, हरगोविंद, सूरत सिंह, विजय कुमार डाबला, रामकुमार सैनी, जसवंत छाबड़ा व ओम प्रकाश सोलंकी मौजूद थे।

## मेघवाल उत्थान समिति ने स्टेट टॉपर दीपिका का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मेघवाल उत्थान समिति की ओर से वीरवार को गांव जाट शायरवास निवासी छात्रा दीपिका को हरियाणा बोर्ड 12वीं में स्टेट टॉपर बनने पर सम्मानित किया गया। समिति ने छात्रा सहित उसके पिता अशोक मेघवाल व माता को स्मृति चिन्ह व पगड़ी भेंट की। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा से ही समाज आगे बढ़ेगा। दीपिका ने पूरे क्षेत्र के साथ-साथ मेघवाल समाज का नाम रोशन किया है। चाचा संजय मेघवाल ने बताया कि दीपिका ने 10वीं कक्षा में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट में स्थान बनाया था। अब 12वीं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 499 अंक हासिल किए। इस मौके पर समिति के संरक्षक वेद प्रकाश, अध्यक्ष सूरजभान मेघवाल, सचिव भूपेन्द्र शेखपुर, रिटायर्ड पोस्टमास्टर ओमपाल शेखपुर, प्रिंसिपल तेजपाल रंगा, महेन्द्र सिंह झांझरिया, भानसिंह, फोरमैन लालचंद, मैनेजर देवेन्द्रपाल, सुंदरलाल भटेडिया, डा. गजराज मेघवंशी, सूबेदार मेजर बलबीर सिंह, सतीश नांगल तेजू, हेडमास्टर कृपाल, रूडाराम, परमेश्वर दयाल, फतेह सिंह, वैध हीरासिंह, ईश्वरसिंह, प्रताप, मास्टर विक्रम बेरवाल, केके मूलनिवासी, डा. राजेश, भूप सिंह, मुनीराम, मास्टर संजय व इंस्पेक्टर महिपाल सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।


रेवाड़ी। दीपिका को सम्मानित करते समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**शिविर** गांव मसानी में एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर लगाया

## रसायनों और महंगे बीजों पर होने वाला खर्च किसान की शुद्ध आय को खा रहा: डॉ. अहलावत

- कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के 50 किसानों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। किसानों को जानकारी देते हुए कृषि अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत गांव मसानी में एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के 50 किसानों ने भाग लिया और अपनी खेती को जहर मुक्त बनाने का प्रण लिया। कृषि अधिकारी डा. मनोज वर्मा ने मिट्टी के गिरते कार्बन स्तर पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि रसायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग ने उपजाऊ भूमि को कठोर परत में बदल दिया है। उन्होंने किसानों को समझाया कि प्राकृतिक खेती केवल खेती की विधि नहीं, बल्कि मिट्टी को पुनर्जीवित करने का अभियान है। उन्होंने सूक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ाने के लिए जीवामृत के महत्व पर जोर दिया, जोकि मिट्टी की संरचना में सुधार कर उसकी जल धारण क्षमता को बढ़ाता है। खंड कृषि अधिकारी डा. अजीत ने मित्र कीटों के संरक्षण और कीट प्रबंधन की प्राकृतिक विधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रकृति में मित्र कीट और शत्रु कीट का एक संतुलन होता है। रसायनों के छिड़काव से हम मित्र कीटों को मार देते हैं, जिससे बीमारियां और बढ़ती हैं। उन्होंने नीम अस्त्र, ब्रह्मास्त्र और दशपर्णी अर्क जैसी प्राकृतिक औषधियां बनाने की विधि बताई, जो बिना पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए फसलों की सुरक्षा करती हैं। इस अवसर पर गांव के सरपंच संजय यादव ने किसानों को इस मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। प्रगतिशील किसान सुभाष यादव ने प्राकृतिक खेती के अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में किसान करण सिंह, लालाराम, साहिल, सतपाल, देसराज, प्रमोद यादव व राय सिंह नंबरदार सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

### लागत मुक्त खेती का मंत्र दिया

कृषि उपनिदेशक डा. जितेंद्र अहलावत ने किसानों को लागत मुक्त खेती का मंत्र दिया। उन्होंने आंकड़ों के माध्यम से बताया कि रसायनों और महंगे बीजों पर होने वाला खर्च किसान की शुद्ध आय को खा रहा है। उन्होंने कहा कि जब किसान बाजार से खाद-जहर खरीदना बंद कर अपने घर के संसाधनों यानि गोबर-गौमूत्र का उपयोग करता है, तो उसकी खेती का जोखिम कम हो जाता है और लाभ की गारंटी बढ़ जाती है।

## न्यूज डायरी



### माता रमाबाई संस्था ने बारहवीं टॉपर छात्रा को किया सम्मानित

**रेवाड़ी।** माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था की ओर से वीरवार को एचबीएसई बारहवीं की स्टेट टॉपर दीपिका को सम्मानित किया गया। संस्था के प्रधान इंजीनियर बुधराम पंवार, महासचिव फूल सिंह नाहरवाल, कोषाध्यक्ष नारायण सिंह तंवर, रोहतास सिंह सिंगल, विजयपाल सिंह व अशोक चौधरी ने गांव जाट सायरवास में दीपिका को स्मृति चिंह भेंट कर बधाई दी। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों ने छात्रा की मेहनत, लगन एवं सफलता की सराहना करते हुए कहा कि दीपिका ने परिवार, गांव, समाज व प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि बेटी आने वाले समय में देश व समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान देकर नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगी।




### विवेकानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई परीक्षा में लहराया परचम

**रेवाड़ी।** विवेकानंद पब्लिक स्कूल लाखनौर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें विद्यालय के 7 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विशेष उपलब्धि प्राप्त की है। छात्रा जहानवी ने ह्यूमैनिटीज में 98 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा रेनू ने विज्ञान संकाय में 94 प्रतिशत, दिव्या ने कॉमर्स में 93 प्रतिशत, आदित्य ने ह्यूमैनिटीज 93 प्रतिशत, खुशी ने कॉमर्स में 92 प्रतिशत, जया ने विज्ञान संकाय में 91 प्रतिशत तथा तन्वी ने विज्ञान संकाय में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। विद्यालय के निर्देशक एडवोकेट सुधीर यादव ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी।




### मॉडल संस्कृति स्कूल गुडियानी में मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

**कोसली।** मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़ियानी का 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सीबीएसई बोर्ड की ओर से घोषित परीक्षा परिणाम में सफल विद्यार्थियों के लिए वीरवार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य विद्या भूषण गुप्ता ने बताया कि विद्यालय की विज्ञान संकाय में दीपांशु ने प्रथम, सचिन ने द्वितीय तथा मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में शिवम प्रथम, शबनम द्वितीय एवं जिया तृतीय स्थान पर रही। वहीं कामर्स संकाय में सर्वेश ने प्रथम तथा विनय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त सभी संकायों के मेधावी विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर कैप्टन राजेन्द्र यादव, एसएमसी प्रधान सोहनलाल व रविन्द्र यादव सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। प्राचार्य ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में 16 विद्यार्थी ऐसे हैं, जिन्होंने एनएमएमएस परीक्षा उत्तीर्ण की हुई है तथा इन विद्यार्थियों को सरकार द्वारा प्रतिमाह एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है।



### एचसीपीएस के विद्यार्थियों का सीबीएसई बारहवीं में श्रेष्ठ प्रदर्शन

**रेवाड़ी।** सीबीएसई की ओर से घोषित कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम में होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर सफलता की नई मिसाल कायम की। कॉमर्स संकाय के छात्र शौर्य रूस्तगी ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि तनु यादव ने 96 प्रतिशत और निकुंज खुराना ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं साइंस संकाय में तान्या ने 95.4 प्रतिशत तथा योगिता ने 95 प्रतिशत अंक हासिल कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विद्यालय के आठ विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 29 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 107 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ऑक्सफोर्ड स्कूल के 43 विद्यार्थियों ने 12वीं सीबीएसई परीक्षा में पाई मेरिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीबीएसई कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल मुकुंदपुर बसई के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के 43 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। छात्रा पारुल निवासी बीरनवास ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कुनाल यादव निवासी बोलनी ने भी 93.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा तश्यप निवासी संगवाड़ी ने 93 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। इनके अलावा छात्र हर्ष निवासी निंगानियावास ने 92.8 प्रतिशत, गरिमा ने 91.4 प्रतिशत, रितिका ने 92 प्रतिशत, प्रदीप ने 91.4 प्रतिशत, रिद्धिमा ने 90.6 प्रतिशत और देवांश ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल में सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य विश्वदत्त यादव ने कहा यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का फल है। इस मौके पर उप-प्राचार्या संगीता यादव ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी।


रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि